| |
|---|
| दिनांक 08.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 09/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बाराबंकी/थाना फतेहपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांकः 07.02.2025 को थाना फतेहपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कस्बा फतेहपुर में चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों पर लूट आदि के कई अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जनपद बाराबंकी से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– सुरेन्द्र कुमार निवासी नांदकुई थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद शाहजहॉपुर/थाना पुवायां

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 07.02.2025 को थाना पुवायां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तिकुनिया तिराहा थाना खुटार क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मुकेश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना पुवायां पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पुवायां पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मुकेश निवासी ग्राम गंगापुर थाना मैलानी जनपद लखीमपुर खीरी।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण**
- **40 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांकः 07/08.02.2025 की रात्रि थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शिकारपुर तिराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–अयान उर्फ पच्चीस 2–आजाद 3–आबिद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, 40 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तो से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बंधित है। गिरफ्तार अभियुक्त अयान उर्फ पच्चीस के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के थाना कोतवाली नगर पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अयान उर्फ पच्चीस निवासी मोहल्ला रूकनसराय थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2—आजाद निवासी मोहल्ला सराय अल्लो कस्बा व थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

3—आबिद निवासी काशीराम आवास फ्लैट थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—चोरी के (पीली—सफेद) धातु के आभूषण।

2—40 हजार रूपये नगद आदि।

## जनपद बिजनौर/थाना नांगल

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के (पीली—सफेद) धातु के आभूषण**
- **21 हजार 800 रूपये**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांकः 07.02.2025 को थाना नांगल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर राजवाहे पुल के पास बदमाशों की घेराबंदी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही

में अभियुक्त 1–हरि घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–टीकम 3–रविन्द्र 4–तारा उर्फ ताराचन्द 5–वीरू सहित गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण, 21 हजार 800 रूपये, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हरि के विरूद्ध जनपद खीरी, शाहजहॉपुर, बिजनौर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग, अभियुक्त तारा उर्फ ताराचन्द के विरूद्ध जनपद हापुड़, बिजनौर के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग व अभियुक्त टीकम के विरूद्ध जनपद बिजनौर के थाना नांगल पर चोरी आदि के कई अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण चोरी की घटनाओं से संबंधित है।

इस सम्बन्ध में थाना नांगल पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–हरि निवासी ग्राम रम्पुरा थाना पसगंवा जनपद लखीमपुर खीरी।

2–टीकम निवासी ईसापुर थाना निगोई जनपद शाहजहांपुर।

3–रविन्द्र निवासी सोफीपुर थाना पल्लवपुरम जनपद मेरठ।

4–तारा उर्फ ताराचन्द निवासी स्टेशन कालोनी जनपद कासगंज।

5–वीरू निवासी रम्पुरा थाना पसगंवा जनपद लखीमपुर खीरी।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के (पीली–सफेद) धातु के आभूषण।

2–21 हजार 800 रूपये।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–20**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **छितैनी के 05 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **02 तमंचे 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांकः 07/08.02.2025 की रात्रि थाना सेक्टर–20 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान डीएलएफ तिराहा के पास बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–रोशन घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–अनवर सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से छितैनी के 05 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 02 तमंचे 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त रोशन के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 13 अभियोग तथा अभियुक्त अनवर के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर हत्या, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–20 पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोशन निवासी जे0जे0 कालोनी सेक्टर–9 फेज–1 गौतमबुद्धनगर।

2–अनवर निवासी ग्राम रामपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर वर्तमान पता–जे0जे0 कालोनी सेक्टर–8 फेज–1 गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–छितैनी के 05 मोबाइल फोन।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–02 तमंचे 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना मडियांव

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 41 मोटर साइकिल व 02 मोटर साइकिल के कटे हुये पार्टस आदि बरामद**

दिनांकः 08.02.2025 को थाना मडियांव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आईआईएम तिराहा से 04 अभियुक्तो 1–सत्यम 2–अनस 3–आमिर 4–इमरान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 41 मोटर साइकिल व 02 मोटर साइकिल के कटे हुये पार्टस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त सत्यम के विरूद्ध जनपद हरदोई, कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन व अभियुक्त आमिर के विरूद्ध जनपद हरदोई के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मडियांव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सत्यम निवासी ग्राम सिया थाना अरवल जनपद हरदोई, हाल पता ग्राम भवानीपुर थाना बी0के0टी0 लखनऊ।

2–अनस निवासी ग्राम फिरोजाबाद थाना अजगैन जनपद उन्नाव।

3–आमिर निवासी ग्राम गौसगंज थाना कासिमपुर जनपद हरदोई।

4—इमरान निवासी ग्राम असीवन जनपद उन्नाव, हाल पता काशीराम कालोनी सण्डीला जनपद हरदोई।

**बरामदगी**

1—चोरी की 41 मोटर साइकिल व 02 मोटर साइकिल के कटे हुये पार्टस आदि।

**जनपद कन्नौज/थाना तिर्वा**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **03 जीवित, 07 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण एवं पुर्जे आदि बरामद**

दिनांकः 08.02.2025 को थाना तिर्वा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे अभियुक्त 1—विनोद कुमार 2—हैप्पी उर्फ रोशन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 03 जीवित, 07 खोखा कारतूस विभिन्न बोर अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण एवं पुर्जे आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है गिरफ्तार अभियुक्त हैप्पी उर्फ रोशन के विरूद्ध जनपद कन्नौज के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना तिर्वा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विनोद कुमार निवासी वंशीपुर्वा थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

2—हैप्पी उर्फ रोशन निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1–10 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2–03 जीवित, 07 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3–अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण एवं पुर्जे आदि।

**जनपद बहराइच/थाना रूपईडीहा**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) के 415 ग्राम अवैध चरस**
- **01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनॉकः 07.02.2025 को थाना रूपईडीहा व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर एसएसबी चेक पोस्ट से अभियुक्त तप्त बहादुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) के 415 ग्राम अवैध चरस, 01 मोबाइल फोन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना रूपईडीहा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–तप्त बहादुर निवासी इवर वार्ड नं0–04 थाना जाजकोट जनपद जाजकोट, नेपाल।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये (कीमत) के 415 ग्राम अवैध चरस।

2–01 मोबाइल फोन।

-----